कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी,
जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़, (छ.ग.)

Email ID : lcsarangarh@gmail.com **Contact No. - 07768-299019**

//प्रेस–विज्ञप्ति//

क्रमांक/1239/निर्वा.पर्या./लो.स.नि./2024 सारंगढ़, दिनांक 03/06/2024

विषय :– सारंगढ़ जिले में मतगणना की तैयारी पूर्ण, पुलिस की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम, शहर में तीन स्थानों पर होगा मतगणना रूझान का सीधा प्रसारण।

––00––

लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के तहत् जिले में लोकसभा क्षेत्र क्रमांक–02 रायगढ़ अंतर्गत विधानसभा 17–सारंगढ़ एवं लोकसभा क्षेत्र क्रमांक–03 जांजगीर चांपा अंतर्गत विधानसभा 43–बिलाईगढ़ के अनुसार कुल मतदान केन्द्र 721 की मतगणना दिनांक 04.06.2024 को प्रातः 08:00 बजे से किया जाना है। जिले में केवल ईव्हीएम की गणना की जायेगी। डाक मतपत्रों की गणना संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के मुख्यालय पर की जावेगी। जिले के कुल मतदाता **574534** में से विधानसभा 17–सारंगढ़ के **74.66%** एवं 43–बिलाईगढ़ के **65.24%** मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

जिले में मतगणना की व्यवस्था हेतु मतगणना स्थल **कृषि उपज मंडी सारंगढ़** का चिन्हांकन किया गया है। जिसमें मतगणना स्थल पर प्रत्येक विधानसभा हेतु 21–21 गणना टेबल बनाया गया है। मतगणना हेतु 48 गणना दल का गठन किया गया है, प्रत्येक दल में एक–एक गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक, माइक्रों आब्जर्वर एवं रनर की नियुक्ति की गई हैं। मतगणना दलों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है तथा मतगणना दलों का रेण्डमाईजेशन के द्वारा ड्यूटी लगाई गई है।

मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिसमें प्रथम स्तर आउटर कार्डन पर जिला पुलिस बल, द्वितीय स्तर मिडिल कार्डन पर राज्य सशस्त्र बल एवं तृतीय स्तर इनर कार्डन पर केन्द्रीय पुलिस बल CAPF की तैनाती की गई है। इसके अलावा प्रत्येक प्रवेश द्वार पर **DFMD** एवं **HHMD** के माध्यम से उक्त बल राजनीतिक दल के प्रत्याशी, गणना अभिकर्ता, गणनाकर्मी, मीडियाकर्मी एवं अन्य आगन्तुकों की जांच की जायेगी। महिला आगन्तुकों की जांच महिला पुलिसकर्मी के द्वारा की जावेगी। प्रत्येक प्रवेश द्वार पर कार्यपालिक दण्डाधिकारी की नियुक्ति की गई है।

गणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा की गई है तथा इनके फोटोयुक्त पहचान पत्र भी जारी किये गये हैं। प्रत्येक मतगणना हॉल में अभ्यर्थियों/गणना अभिकर्ताओं के लिए पृथक प्रवेश द्वार होंगे। सभी अभ्यर्थियों/गणना अभिकर्ताओं एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं से यह अपेक्षित है, कि वे अपने परिचय पत्र के साथ मतगणना हॉल में प्रातः 07:00 बजे तक प्रवेश कर लेवें। आयोग के निर्देशानुसार मतगणना कक्ष में मतगणना अभिकर्ताओं की बैठने की व्यवस्था की गई है। गणना अभिकर्ताओं को कोरा कागज, पेन, मतपत्र लेखा 17 सी भाग–1 की प्रति सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रदाय किये गये ईव्हीएम की सूची ले जाने की अनुमति होगी तथा मोबाईल फोन, आई पैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं बीड़ी सिगरेट गुटखा इत्यादि ले जाना प्रतिबंधित होगा।

मतगणना स्थल पर प्राधिकार पत्र प्राप्त मीडियाकर्मियों की बैठक व्यवस्था मीडिया मंच में की गई है। मीडिया मंच हेतु जिला जनसंपर्क अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी समय–समय पर मतगणना हॉल का अवलोकन करने के लिए एक निश्चित सीमा तक छोटी–छोटी संख्या में मीडिया समूहों को मतगणना हॉल में ले जायेंगे।

रिटर्निंग अधिकारी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों की मतगणना पश्चात् प्रेक्षक की अनुमति से अंतिम परिणाम की घोषणा करेंगे एवं निर्वाचित अभ्यर्थी को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे।

जिला प्रशासन द्वारा मतगणना के रूझान के प्रसारण की भी व्यवस्था की गई है। जिसके तहत् **मीडिया मंच, रैन बसेरा बस स्टैण्ड एवं पुष्प वाटिका सारंगढ़** में TrendsTV LED Screen के माध्यम से प्रसारण किया जावेगा। इसके अलावा मीडिया मंच एवं रैन बसेरा बस स्टैण्ड में उद्घोषक के द्वारा प्रत्येक राउण्ड की परिणाम की उद्घोषणा भी की जावेगी। मतगणना दिवस को प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के विधानसभाओं के राउंडवार परिणाम की जानकारी प्रातः 08:00 बजे से भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल https://results.eci.gov.in/ एवं Voter Helpline App के माध्यम से भी प्राप्त की जा सकती है।

भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुये मतगणना परिसर के सभी स्थानों पर कूलर एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में चिकित्सीय दल की तैनाती भी की गई है।

मतगणना एवं सारिणीकरण की समस्त प्रक्रिया की विडियोग्राफी की जावेगी।

(अनिकेत साहू)
उप जिला निर्वाचन अधिकारी
सारंगढ़–बिलाईगढ़